


## आवारा कुत्ते ने काटा था गाय को, लोगों ने लगवाया रैबिज के इंजेक्शन

# शादी सामारोह में मठा पीने से रैबिज होने की आशंका



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 मई. पोआमा के समीप मंगलवार को हुए शादी सामारोह के दौरान स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे लोगों को जब पता चला कि जिस गाय के मही से बने मठे का वह लुफ्त उठा रहे है उस गाय को कुछ दिनों पूर्व आवारा कुत्ते ने काट दिया था जिसके बाद लोगों में हड़कंप मच गया.**

दूसरे दिन लोग रैबिज का इंजेक्शन लगवाने के लिए अस्पताल पहुंच गए. जहां सभी लोगों ने रैबिज के इंजेक्शन लगवाए. बताया जा रहा है कि गाय को 15 दिन पूर्व कुत्ते ने काटा था. जिसके बाद गाय बीमार हो गई है. इसी गाय के दूधे से मही बनाया गया था जिसके मही से मठा बनाने के बाद शादी सामारोह में लोगों कोको परोसा गया. शादी सामारोह में तकरीबन एक हजार लोग शामिल हुए थे. दरअसल मेडिकल कालेज में कार्यरत यूडीएस के कर्मचारी शुभम सोनी भैंसादंड के रहने वाले है. उसकी मंगलवार को शादी थी. बारात पोआमा स्थित लॉन में गई हुई थी. इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न तरह के व्यंजन परोसे गए थे. जिसमें मठा भी परोसा गया था. मठा बनाने के लिए मही रामेश्वर सोनी ने उपलब्ध करवाया था. इनके यहां की गाय को पंद्रह दिन पूर्व किसी आवारा कुत्ते ने काट दिया था. हालांकि यह बात की जानकारी गाय मालिक को नहीं थी गाय मालिक ने इसी दूध से बना मही को वैवाहिक कार्यक्रम वाले परिवार को दे दिया था. जिसके बाद बारातियों को इसी मही से बना परोसा गया था. बुधवार को पता चला कि गाय पालग हो गई है. जिसके बाद बारातियों में एक एक कर खबर आग की तरह फैल गई.

### इंजेक्शन लगाने पहुंचे स्वास्थ्य कर्मी

इस बात की खबर स्वास्थ्य महकमे को लगते ही स्वास्थ्य कर्मियों को इंजेक्शन लगाने भैंसादंड भेजा गया. जहां बारात में शामिल हुए सभी बारातियों को रैबिज के इंजेक्शन लगवाए गए. वही यूडीएस के सभी कर्मचारियों ने अस्पताल पहुंचकर इंजेक्शन लगवाए है. इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि जिस गाय को कुत्ते को ने काटा है उसी गाय के दूध से मठा बनाया गया था. इस बात की जानकारी मिलते ही पशु चिकित्सा महकमे में हड़कंप मच गया. स्वास्थ्य महकमे और पशु चिकित्सा विभाग भैंसादंड पहुंचा. जहां उन्होंने सबसे पहले गाय को देखा. जिसमें रैबिज के लक्षण पाए गए है. इसीलिए एतिहात के तौर पर सभी बारातियों को इंजेक्शन लगाए

### इनका कहना है...

गाय में रैबिज के पूरे लक्षण दिख रहे है. जिस जानवर में बायरस होते है, उसके दूध या मीट में बायरस आ जाते है. इसलिए प्रकाशन के तौर पर रैबिज के इंजेक्शन लगाए जा रहे है.

**डॉ लोकेश बेलबंशी, पशु चिकित्सालय**

# सार्वजनिक स्थानों पर बैठक शराब पीने वालों को पुलिस ने खदेड़ा




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 मई. देहात थाना और कोतवाली थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बीती रात होटल, ढाबा की दबिश दी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों में बैठकर शराब पीने वालों को समझाईस देकर सख्त कार्यवाही करने चेतावनी दी गई। वही होटल ढाबों में भी जांच की गई।**

एसपी एवं एएसपी द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देश दिए गए हैं प्राप्त निर्देशों के बाद 5 अप्रैल की रात्रि शहर के तीनो थाना देहात, कुण्डीपुरा, कोतवाली की संयुक्त टीम गठित कर शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित होटल, ढाबा एवं सार्वजनिक स्थलों की सघन चैकिंग की गई चैकिंग के दौरान होटल एवं ढाबा संचालकों को आवश्यक दस्तावेज संधारित करने, संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा स्पष्ट रुप से निर्देशित किया गया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को समझाईस दी गई एवं भविष्य में ऐसा करते पाए जाने पर सख्त कार्यवाही करने हेतु चेतावनी दी गई। इस कार्रवाई में निरी.गोविंद सिंह राजपूत थाना देहात, निरी. आशीष धुर्वे थाना कोतवाली, सउनि नितेश ठाकुर, आर. सौरभ, आर. शेरसिंह, थाना देहात आ, आर. सतेन्द्र, आर. राजेन्द्र मौजूद थे।

# विद्युत प्रकरणों के निराकरण के लिये विशेष छूट

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 मई. विद्युत अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए जिले के छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर एवं जुन्नारदेव स्थित विद्युत न्यायालयों में 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।**

विद्युत अधिनियम के अंतर्गत लिटिगेशन एवं प्री-लिटिगेशन के लंबित निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट भार तक के गैर-घरेलू तथा 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं के प्रकरणों में विशेष छूट प्रदान की जाएगी। विशेष न्यायालय में दर्ज प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत तथा इस राशि पर छह माही चक्रवृद्धि दर से 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष के हिसाब से लगने वाले ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, प्री-लिटिगेशन की स्थिति में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत तथा उक्त ब्याज राशि पर 100 प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है। नेशनल लोक अदालत में यह छूट अधिकतम 10 लाख रुपये तक के प्रकरणों के लिए ही मान्य होगी। आवेदक को छूट के बाद शेष देय राशि का एकमुश्त भुगतान करना अनिवार्य होगा। साथ ही, संबंधित परिसर या अन्य किसी संयोजन पर लंबित विद्युत देयों का भुगतान भी करना होगा। विधिक संयोजन न होने की स्थिति में उसे प्राप्त करना तथा पूर्व में विच्छेदित संयोजनों की बकाया राशि का भुगतान करना भी आवश्यक होगा।

# नगर निगम अमले ने अतिक्रमण हटा कर फुटकर व्यापारियों को किया व्यवस्थित

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 मई. आज शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान टाउन हॉल के सामने, पोस्ट ऑफिस, सिटी कोतवाली, जिला अस्पताल तथा पोला ग्राउंड के आसपास सार्वजनिक सड़कों पर लगे फुटकर व्यापारियों को हटाकर व्यवस्थित किया गया।**




नगर निगम द्वारा सभी फुटकर व्यापारियों को अलाउंसमेंट के माध्यम से सूचित किया गया कि आगामी शुक्रवार, 8 तारीख को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का कार्यक्रम आयोजित होना है। कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए यह निर्देश दिए गए कि इस दिन सड़क पर किसी भी प्रकार की दुकान न लगाई जाए, ताकि आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न न हो। कार्रवाई के दौरान विभिन्न स्थानों से साइन बोर्ड एवं अन्य सामान भी जब्त किया गया। साथ ही व्यापारियों को समझाइश दी गई कि वे निर्धारित स्थानों पर ही व्यापार करें और सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें।

# नगर निगम के करदाताओं को मिलेगी बड़ी राहत

### नेशलन लोक अदालत नागरिकों को विभिन्न करो में मिलेगी छूट

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 मई. आगामी 9 मई को जिले में नेशनल लोक अदालत का वृहद आयोजन किया जा रहा है। इस जन-कल्याणकारी पहल के अंतर्गत नागरिकों को विभिन्न करों में विशेष छूट एवं राहत प्रदान की जाएगी, जिससे लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो सके।**



इस अवसर पर नगर निगम/नगरीय निकायों द्वारा वन टाइम सेटलमेंट योजना के तहत संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य करों पर आकर्षक रियायतें दी जाएंगी। योजना के अंतर्गत 50,000 तक के संपत्तिकर एवं 10,000 तक के जलकर पर 100 प्रतिशत सरचार्ज छूट प्रदान की जाएगी। वहीं, इससे अधिक राशि पर भी 25 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान रखा गया है। इसके अतिरिक्त, शेष देय राशि को आसान किश्तों में जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। विशेष रूप से जिन उपभोक्ताओं के जलकर की राशि बकाया है उन्हें लगी हुई प्रतिमाह की 65 रुपये की पेनल्टी से इस लोक अदालत में राहत मिलेगी। यह पहल नागरिकों को आर्थिक राहत देने के साथ-साथ वर्षों से लंबित कर प्रकरणों के शीघ्र समाधान में सहायक सिद्ध होगी। नगर निगम आयुक्त सीपी राय ने सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर इस विशेष अवसर का लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों का निराकरण कराएं।

## भीषण गर्मी से कबूतर की मौत

**छिंदवाड़ा।** भीषण गर्मी का असर इंसानों के साथ साथ पशु पक्षियों पर देखने मिल रहा है। जहां भीषण गर्मी के पक्षी दम तोड़ने लगे है। परासिया में भीषण गर्मी से कबूतरों की मौत के बाद छिंदवाड़ा में भी कबूतर की मौत का मामला सामने आया है। जहां गर्मी के कारण कबूतर की मौत होने लगी है। दरअसल कांग्रेस कार्यालय के पास एक कबूतर गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर गया। जिसके बाद कांग्रेस कार्यालय में पदस्थ राजू ने कबूतर को पानी पिलाया, लेकिन कबूतर की तड़प तड़प के मौत हो गई। इस तरह पक्षियों पर भीषण गर्मी का खतरा बना हुआ है। पर्यावरण विद विनोद तिवारी ने बताया कि शहर में पक्षियों को पीने के लिए पानी नहीं मिल पाता। इसलिए पक्षियों की मौत हो जाती है। उन्होंने षहर की जनता से अपील की है कि अपने अपने घरों पर पक्षियों के मिट्टी के बर्तनों पर पानी भरकर रखें। जिससे पक्षी अपनी प्यास बुझा सकें।

## रेलवे स्टेशन में बुजुर्ग की अज्ञात कारणों से मौत

**छिंदवाड़ा।** रेलवे स्टेशन में मगलवार को एक वुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आरीएफ ने तत्काल शव को जिला अस्पताल पहुंचा। जहां मर्ग कायम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी मुताबिक जमना पिता मंगलसिंह सारना का रहने वाला है। वह रेलवे स्टेशन में बेहोश होकर गिर गया। उसके बाद वह उठा ही नही। बहुत देर तक नहीं उठने के कारण आरपीएफ के जवान पहुंचे। जिन्होंने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसकी जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है।

# ग्राम केवलारी में युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 मई. कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के केवलारी के रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार इमरत पिता धनाराम धुर्वे 38 साल केवलारी का रहने वाला है।**

वह रात में पत्नी के साथ अपने कमरे में था। इसी दौरान पत्नी उठकर वाशरूम चली गई। पति उठा और वह फंदा बनाकर फांसी में झूल गया। जैसे ही पत्नी वाशरूम से वापस लोटी, वह फंदे में तड़फ रहा था। उसने तत्काल पड़ोसियों को आवाज देकर बुलाया। उसे फंदे से नीचे उतारा। उसके बाद उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### फांसी लगाने से युवक की हालत गंभीर

चांदामेटा चौकी क्षेत्र के वार्ड नंबर सात में फांसी लगाने से युवक गंभीर हो गया है। जिसका जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी अनुसार रामआसरे पिता कृष्णा विश्वकर्मा उम्र 40 साल चांदामेटा का रहने वाला है। उसने बुधवार की शाम अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। इस दौरान वह घर में अकेला था। तभी परिजन घर पहुंच गए। उन्होंने उसे फांसी पर लटका देख दंग रह गए। तत्काल उसे फंदे से उतारा और जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर इलाज कर रहे हे। समाचार लिखे जाने तक उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी।

# डाक विभाग द्वारा आधार एनरोलमेंट और अपडेशन के लिए विशेष अभियान

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 मई.** डाक विभाग द्वारा आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन सेवाओं के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नागरिकों को नए आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट तथा मोबाइल एवं ईमेल लिंकिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। डाक विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह विशेष अभियान 08 मई 2026 एवं 09 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए 06 मई 2026 एवं 07 मई 2026 को टोकन का वितरण किया जाएगा, जिससे नागरिकों को सुगमता से सेवाएं मिल सकें। अभियान के दौरान सभी आधार केंद्र प्रातः 08 : 00 बजे से सायं 06 : 00 बजे तक कार्य करेंगे, जबकि प्रधान डाकघरों में सेवाएं सायं 08 :00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने निकटतम डाकघर आधार केंद्र में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। छिंदवाड़ा संभाग के अंतर्गत छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के विभिन्न डाकघरों में यह अभियान संचालित किया जाएगा। इनमें छिंदवाड़ा प्रधान डाकघर के अलावा चिटनवीसगंज, अमरवाड़ा, हर्रई, उमरानाला, सौंसर, पांढुर्णा, लोधीखेड़ा, परासिया, इकलेहरा, चांदामेटा, जुन्नारदेव, तामिया, दमुआ तथा चौरई उपडाकघर में आधार पंजीयन एवं अपडेशन अभियान चलाया जा रहा है।

# चना एवं मसूर उपार्जन के लिये किसानों से स्लॉट बुकिंग की अपील

**छिन्दवाड़ा,06 मई.** शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत कृषकों से चना एवं मसूर का उपार्जन 30 मार्च से 28 मई 2026 तक किया जा रहा है। जिला छिंदवाड़ा के लिये 11 तथा जिला पांढुर्णा के लिये 02 उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण जिला स्तरीय उपार्जन समिति द्वारा किया गया है। जिन किसानों द्वारा चना एवं मसूर फसलों का पंजीयन कराया गया है, वे किसान ई-पोर्टल पर खरीदी की अंतिम तिथि से 10 दिवस पूर्व तक स्लॉट बुक कर सकते हैं। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा पंजीकृत किसानों से अपील की गई है कि वे चना एवं मसूर विक्रय के लिये जिस उपार्जन केन्द्र के लिए स्लॉट बुक कराए हैं, निर्धारित अवधि में उस केन्द्र पर पहुंचकर अपनी उपज का विक्रय करें। साथ ही ऐसे पंजीकृत किसान जिन्होंने अभी तक स्लॉट बुक नहीं कराया है, वे खरीदी की अंतिम तिथि से पूर्व निर्धारित समयावधि में अपना स्लॉट बुक कर लें। अधिक जानकारी के लिए संबंधित समिति प्रबंधक एवं क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

## सूचना

मैं AFROJ KHAN और मेरे सारे डॉक्यूमेंट में जैसे आधार कार्ड पैन कार्ड स्कूल मार्कशीट में मेरे नाम में AFROJ KHAN ही लिखा है परंतु किन्हीं कारणों से मेरे पुरानेपासपोर्ट में मेरा नाम FROZ KHAN है जो गलत है मेरा सही नाम AFROJ KHAN ही है.

## बगैर हैमलेट, अधूरे दस्तावेज, बगैर दस्तावेज, काली फिल्म लगे वाहनो पर की कार्रवाई

# पुलिस ने 33 वाहन चालकों से वसूला 10500 रुपए का जुर्माना

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 मई. देहात थाना पुलिस ने बुधवार को नियमों के विरूद्ध चला रहे वाहन चालकों पर जमकर चालानी कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने 33 चालकों का चालान काटा। इन चालकों से 10 हजार 500 रूपए का सम्मन शुल्क वूसला गया। साथ ही सभी चालकों को नियमों से अवगत करा समझाइस दी गई।**



बता दें कि बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने हेतु पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग कर चलानी कार्रवाई के साथ नागरिकों को समझाइश भी दी जा रही है। इसी क्रम में थाना देहात पुलिस द्वारा मंगलवार को मोटर व्हीकल एक्ट में 33 कार्रवाई करते हुए बिना हेलमेट मोटरसाइकल चालकों से एवं काली फिल्म कार चालक से 10500 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया । साथ ही पुलिस द्वारा उन वाहन चालकों का सम्मान किया गया जिन्होंने हेलमेट पहने हुए थे एवं कार चालकों ने सीट बेल्ट पहने हुए थे। पुलिस द्वारा नागरिकों से विशेष अपील कर आग्रह किया गया है कि वाहन चलाते समय स्वयं की सुरक्षा से आप स्वयं तो सुरक्षित रहेंगे ही , परिवार समाज, राज्य राष्ट्र भी सुरक्षित और मजबूत बनेगा। इसलिए यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन करें। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी. गोविन्द सिंह राजपूत एवं थाना देहात स्टाफ के द्वारा उपस्थित होकर कार्यवाही की गई।

### याताया पुलिस ने की कार्रवाई

आज यातायात पुलिस ने भी शहर के विभिन्न स्थानों पर बिना हेलमेट वाहन चलाना, सीट बेल्ट का उपयोग न करना, काली फिल्म, बीमा न होना, नंबर प्लेट जैसे उलंघन करने वालों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान निम्नानुसार चालानी कार्रवाई में. बिना हेलमेट वाहन संचालन - 156 प्रकरण पर 46,800 रूपये, बिना सीट बेल्ट के संचालन 13 प्रकरण पर 6,500 रूपये, वाहन में काली फिल्म लगी होना प्रकरण 19 पर 9500 रूपये , वाहन का बीमा न होना 02 प्रकरण पर 6000 रूपये 5. नंबर प्लेट विधिवत् न होना प्रकरण 07 पर 3500 रूपये, 6. वाहन के दस्तावेज पेश न करना प्रकरण 05 पर 2500 रूपये, चालक व्दारा बगल में सवारी बैठाना प्रकरण 03 पर 1500 रूपये, 9. नोपार्किंग में वाहन खडा करना प्रकरण 02 पर 1000 रूपये समन शुल्क की राशि वसूल किया गई। इस प्रकार कुल 207 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 77,300 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया।


आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निः शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पताः-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589